विराट के लिए 2024-2025 ऑस्ट्रेलिया दौरा खास नहीं रहा इस टूर पर कोहली ऑफ स्टंप्स से बाहर जाती गेंदों पर आउट हुए। जिसके बाद मांजरेकर ने कहा था कि विराट अपनी कमियों को दूर करने में नाकाम रहे और टेस्ट से रिटायरमेंट ले लिया :- संजय मांजरेकर

पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर, विराट कोहली को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोहित शर्मा

हिटमैन रोहित शर्मा ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए दो छक्के जड़े और क्रिस गेल के रिकॉर्ड को धवस्त कर दिया और अब वनडे क्रिकेट इतिहास में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए है। क्रिस गेल ने बतौर ओपनर वनडे में कुल 328 छक्के (274 पारियों में)लगाए थे, लेकिन अब रोहित शर्मा ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने 329 छक्के लगा दिए हैं और वह अब वनडे क्रिकेट में ओपनर के रूप में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज बन गए है।

क्या आप जानते हैं ?... साल 2006 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट मैच में श्रीलंका की पहली पारी में महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 624 रन की पार्टनरशिप की थी

विराट पारी से भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

वड़ोदरा, 11 जनवरी (वार्ता) विराट कोहली (93), कप्तान शुभमन गिल (56) और श्रेयस अय्यर (49) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को पहले एकदिवसीय न्यूजीलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

301 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने 39 रन जोड़े। नौवें ओवर में काइल जैमीसन ने रोहित शर्मा को आउट कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 26 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 118 रन जोड़े। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। 27वें ओवर में आदित्य अशोक ने शुभमन गिल को फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। शुभमन गिल ने 71 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला और उन्होंने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। इसी दौरान शतक के करीब विराट कोहली जेमीसन का शिकार बन गये। विराट कोहली ने 91 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 93 रनों की पारी खेली।

इसी ओवर में जेमीसन ने रवींद्र जड़ेजा (चार) को भी अपना शिकार बनाकर भारत को चौथा झटका दिया।

42वें ओवर में जेमीसन ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे श्रेयस अय्यर को बोल्ड कर भारत को संकट में डाल दिया। श्रेयस अय्यर ने 24 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 49 रन बनाये। 47वें ओवर में क्लार्क ने हर्षित राणा को विकेट के पीछे कैच आउटकर कर मैच को रोमांचक मोड़ दे दिया। हर्षित राणा ने 23 गेंदों दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 29 रन बनाये। केएल राहुल ने 49वें ओवर में दो चौकों के बाद ओवर की आखिरी गेंद पर विजयी छक्का लगाकर भारत का स्कोर छह विकेट पर 306 कर चार विकेट से जीत दिला दी।

केएल राहुल ने 21 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 29 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर सात रन बनाकर नाबाद रहे।

न्यूजीलैंड के लिए काइल जेमीसन ने चार विकेट लिये। आदित्य अशोक और क्रिस्टियन क्लार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाजों डेवन कॉन्वे (56) और हेनरी निकल्स (62) के अर्धशतकों के बीच 117 रनों की ओपनिंग साझेदारी के बाद डैरिल मिचेल के तूफानी 84 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 50 ओवरों में आठ विकेट पर 300 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

मिचेल ने 71 गेंदों में अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। कॉन्वे ने 67 गेंदों में छह चौके और एक छक्का मारा जबकि निकल्स ने 69 गेंदों में आठ चौके लगाये। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये। कुलदीप यादव ने 52 रन देकर एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवरों के बाद भारतीय गेंदबाजों (हर्षित राणा) ने पिच पर जम चुके न्यूजीलैंड के दोनों सलामी हेनरी निकल्स और डेवन कॉन्वे के विकेट झटक कर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई।

इसके बाद मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन अन्य विकेट लेकर न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को दबाव में लाकर उनके रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई।

विल यंग (12), ग्लेन फिलिप्स (12), मिचेल हे 18 रन बनाकर आउट हुये। क्रिस्टियन क्लार्क ने 17 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 24 रन बनाये और न्यूजीलैंड को 300 तक पहुंचाया।

इसके बाद कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने डैरिल मिचेल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 39 रनों की साझेदारी हुई। 43वें ओवर में श्रेयस अय्यर ने माइकल ब्रेसवेल (16) को रनआउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में मोहम्मद सिराज ने जैकरी फॉक्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

48वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने शतक की ओर बढ़ रहे डैरिल मिचेल को पगबाधा आउटकर न्यूजीलैंड को आठवां झटका दिया।

वैभव सूर्यवंशी फिर एक्शन में: अंडर 19 विश्व कप 2026 आगाज जल्द

नई दिल्ली। साल के पहले आईसीसी इवेंट की शुरुआत होने में कुछ दिन ही बचे हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 से पहले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का आगाज होने जा रहा है। इस अंडर-19 विश्व कप की शुरुआत 15 जनवरी से होगी और फाइनल 6 फरवरी को खेल जाएगा। टूर्नामेंट के पहले ही मैच में भारतीय अंडर-19 टीम का सामना यूएई की युवा टीम से होगा। यह मैच बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी कुछ दिन बाद ही एक्शन में नजर आने वाले हैं। भारतीय सनसनी वैभव इन दिनों शानदार फॉर्म में भी चल रहे हैं। वॉर्म-अप मैच में उन्होंने अपनी फॉर्म का ट्रेलर भी दिखाया और अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि, शतक के बेहद करीब पहुंचकर वह आउट हो गए। शनिवार को बुलावायो एथलेटिक क्लब में स्कॉटलैंड अंडर-19 के खिलाफ उन्होंने 50 गेंदों में 96 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी तूफानी पारी में उन्होंने 9 चौके और 7 छक्के लगाए। वैभव ने महज 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। मनु सारस्वत ने वैभव को 96 रन पर आउट किया था। हाल ही में वैभव की कप्तानी में खेली गई 3 मैचों की यूथ वनडे सीरीज पर भारत ने कब्जा जमाया था। वैभव इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 3 पारियों में 206 रन बनाए थे।

साइड स्ट्रेन के कारण पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर

वडोदरा 11 जनवरी (वार्ता) भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा, पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। हालांकि पंत की चोट भारतीय टीम के संयोजन को अधिक प्रभावित नहीं करती क्योंकि के एल राहुल एकदिवसीय में पहले से ही नियमित विकेटकीपर हैं। हालांकि पंत अच्छे फॉर्म में थे और दिल्ली की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने इस दौरान छह पारियों में दो अर्धशतक लगाए। वहीं जुरेल भी विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछली सात पारियों में छह 50 से अधिक के स्कोर बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। उनकी इस बल्लेबाजी से उत्तर प्रदेश की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पहले एकदिवसीय के बाद वडोदरा से टीमें राजकोट (14 जनवरी) और इंदौर (18 जनवरी) में खेलेंगी, उसके बाद उनका ध्यान पांच मैचों की टी-20 पर रहेगा, जो नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में खेली जाएगी। यह सीरीज टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही । टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत की टी-20 टीम में नहीं हैं। एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, के एल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

वर्ल्ड नंबर 1 शी चोट के कारण बाहर, थाईलैंड के विटिडसर्न बने चैंपियन

कुआलालंपुर, 11 जनवरी (वार्ता) चीन के वर्ल्ड नंबर 1 शी यूकी रविवार को थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन फाइनल के दौरान पीठ की चोट के कारण रिटायर हो गए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शी दर्द में खेल रहे थे, लेकिन पहला गेम 21-23 से हारने के बाद उन्होंने मैच छोड़ दिया। मैच के बाद उन्होंने कुनलावुत की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''कुनलावुत हमेशा से बहुत मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और अभी दुनिया के टॉप खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है, खासकर इस तरह के फाइनल स्टेज पर।'' महिला सिंगल्स फाइनल में, दक्षिण कोरिया की ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग ने चीन की वांग झेई को 21-15, 24-22 से हराया। वांग ने कहा कि दूसरे गेम में उनके पास मैच पलटने के मौके थे, लेकिन अहम पलों में वह चूक गईं। उन्होंने कहा, ''जब मैं पिछड़ रही थी, तो मुझे बेहतर टैक्टिकल जवाब देने चाहिए थे। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी।

पोलैंड ने पहली बार जीता यूनाइटेड कप खिताब

सिडनी, 11 जनवरी (वार्ता) ह्यूबर्ट हुरकाज ने चोट से वापसी करते हुए एक भावुक जीत हासिल की और यूनाइटेड कप फाइनल में पिछले दो सालों की निराशा को मिटा दिया, जब उन्होंने रविवार रात सिडनी में मिक्स्ड टीम इवेंट में स्विट्जरलैंड पर पोलैंड की 2-1 की करीबी चैंपियनशिप जीत में अहम भूमिका निभाई। घुटने की सर्जरी के बाद सात महीनों में अपना पहला टूर्नामेंट खेलते हुए, पूर्व वर्ल्ड नंबर 6 को इगा स्विएटेक के बेलिंडा बेनसिक से 3-6, 6-0, 6-3 से हारने के बाद अपनी टीम को जीवित रखने के लिए स्टैन वावरिंका पर 6-3, 3-6, 6-3 से जीत की जरूरत थी, जिन्होंने टूर्नामेंट को 5-0 के सिंगल्स रिकॉर्ड के साथ खत्म किया। खिताब दांव पर होने पर, जान ज़िलिंस्की एक बार फिर शानदार फॉर्म में थे, जब उन्होंने कतरज़ीना कावा के साथ मिलकर अपना पांचवां मिक्स्ड डबल्स खिताब 6-4, 6-3 से जीता, जो पहले से अजेय रहे जैकब पॉल और बेनसिक के खिलाफ था, जो मैच प्ले में 10-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट खत्म करने की कोशिश कर रही थीं। बेनसिक को यूनाइटेड कप फाइनल्स की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी चुना गया। यह 40 वर्षीय स्विस कप्तान वावरिंका के लिए एक भावुक रात थी, जो अपने विदाई सीजन की शुरुआत एक अप्रत्याशित यूनाइटेड कप खिताब के साथ करने की उम्मीद कर रहे थे।

साहसी वावरिंका ने पूरे इवेंट में चार तीन-सेट के मैच खेले, लेकिन आखिरकार अपने पांच सिंगल्स मैचों में सिर्फ एक जीत के साथ ही संतोष करना पड़ा। हुरकाज़ ने वावरिंका पर 18 ऐस मारे और अपने सामने आए नौ में से आठ ब्रेक पॉइंट बचाए, जो इस हफ्ते 40 वर्षीय खिलाड़ी के कवच में एकमात्र कमजोरी को उजागर करता है। हालांकि उन्होंने दूसरे सेट को जीतने के रास्ते में एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, लेकिन तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने अपने पांच सिंगल्स मैचों में 23 ब्रेक पॉइंट अवसरों में से सिर्फ दो को ही भुनाया।

कलमाडी को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रार्थना सभा 17 को

नयी दिल्ली, 11 जनवरी (वार्ता) एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, सुरेश कलमाडी, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है, जिनका भारतीय एथलेटिक्स में योगदान महत्वपूर्ण और स्थायी रहेगा। कलमाडी की याद में श्रद्धांजलि देने और शोक व्यक्त करने के लिए एक प्रार्थना सभा 17 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित की जायेगी।

सबालेंका ने कोस्त्युक को हराकर 22वां करियर खिताब जीता

ब्रिस्बेन, 11 जनवरी (वार्ता) दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्त्युक को हराकर अपने करियर का 22वां सिंगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता।

सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्त्युक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता।

कोस्त्युक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा। इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया। सबालेंका ने कोस्त्युक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई।

यूक्रेनी खिलाड़ी पहले सेट में वापसी करने में कामयाब रही, लेकिन दूसरे सेट में ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि सबालेंका ने बीच में एक ऐस के साथ दो चैंपियनशिप पॉइंट बनाए और पहले ही पॉइंट को एक शक्तिशाली वाइड सर्व के साथ बदल दिया।

जालोर जिले की आकांक्षा कुमावत ने पॉवर लिफ्टिंग में बनाया नया राष्ट्रीय कीर्तिमान

इक्युपड एंड क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में दिल्ली में जीते गोल्ड मेडल

जालोर। फरीदाबाद , दिल्ली में 07 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित हुई 34वीं राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर्स इक्युपड एंड क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता-2025-26 में जिले के गांव बावड़ी, तहसील आहोर की बेटी आकांक्षा कुमावत ने पॉवर लिफ्टिंग में नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया है। राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव विनोद साहू ने बताया कि सब जूनियर बालिका टीम का नेतृत्व कर रही आकांक्षा कुमावत ने 57 किलो भार वर्ग में 77.5 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता है। आकांक्षा ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में 77.5 किलोग्राम भार उठाकर राष्ट्रीय नया कीर्तिमान बनाया है, इससे पहले 57 किलोग्राम भार वर्ग में 72.5 किलोग्राम वजन उठाने का राष्ट्रीय कीर्तिमान था। इसी तरह आकांक्षा कुमावत ने इक्युपड बेंच प्रेस में भी 57 किलोग्राम भार वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए 95 किलो वजन उठाकर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले इक्युपड बेंच प्रेस के इस भार वर्ग का राष्ट्रीय रिकार्ड 87.5 किलोग्राम था। दो वर्गों में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही आकांक्षा कुमावत स्ट्रॉग वुमन ऑफ इंडिया का खिताब भी अपने नाम किया। इस जीत का श्रेय आकांक्षा ने अपने कोच लोकेश कुमार व पूनम पूनिया को दिया है।

विराट कोहली का इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़ा कारनामा, कुमार संगाकारा का रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

नई दिल्ली। विराट कोहली ने नए साल की शुरुआत एक कीर्तिमान के साथ की। वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ 25 रन बनाते ही विराट कोहली के इंटरनेशनल क्रिकेट में 28000 रन पूरे हो गए। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे क्रिकेटर बन गए हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा के नाम यह रिकॉर्ड है। कोहली ने 557वें मैच की 624 पारियों में इस उपलब्धि को हासिल किया।

पहले वनडे की बात करें तो भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 300 रन बनाए। 301 रन चेज करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और गिल ने सधी हुई शुरुआत दिलाई।

दोनों के बीच 39 रनों की साझेदारी हुई। 9वें ओवर में रोहित शर्मा कैच आउट हुए और विराट कोहली मैदान पर आए। कोहली ने आते ही अपनी क्लास दिखाना शुरू की।

मुकाबले में 42 रन बनाते ही कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अब इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर अब सचिन तेंदुलकर हैं। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन ने 664 इंटरनेशनल मैच की 782 पारियों में 34357 रन बनाए। अपने करियर में तेंदुलकर ने 100 शतक और 164 अर्धशतक लगाए।

यास्तिका भाटिया डब्ल्यूपीएल 2026 से बाहर

नवी मुम्बई 11 जनवरी (वार्ता) गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं।

भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फ्रैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया।

टीम एच.डी.एफ.सी. बैंक ने आख़िरी गेंद पर जीता पहला मणिपाल कप-2026

जयपुर, 11 जनवरी। रोमांच से भरे फाइनल में आख़िरी गेंद तक संघर्ष के बाद टीम एचडीएफसी बैंक ने मेज़बान मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) को तीन विकेट से हराकर मणिपाल कप-2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए एमयूजे ने 57 रनों का साधारण लक्ष्य दिया। विकेटों के लगातार गिरने के बावजूद एचडीएफसी बैंक ने लक्ष्य का पीछा जारी रखा और आठ ओवरों के मैच की अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। मैच के बाद एमयूजे के कुलपति, डॉ. नीति निपुण शर्मा ने विजेता टीम के कप्तान श्री गौरव तिवारी को मणिपाल कप ट्रॉफी प्रदान की।

यह टूर्नामेंट एमयूजे द्वारा ईयर आफ कोलाबरेसन पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसमें चार टीमें - मणिपाल हॉस्पिटल्स, एचडीएफसी बैंक, ग्राविटा और मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर - शामिल हुए। शुरुआती दो मुकाबले नॉकआउट प्रारूप में खेले गए। पहले मैच में एचडीएफसी बैंक ने मणिपाल हॉस्पिटल्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में एमयूजे ने ग्राविटा को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

पोस्ट-मैच प्रेज़ेंटेशन में कई उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। एचडीएफसी बैंक के रूपेश गर्ग को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ और मैन ऑफ द सीरीज़ चुना गया। एमयूजे के श्री मन मोहन मेहता को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ का पुरस्कार मिला, जबकि एमयूजे के ही श्री सुरेश मीणा को बेस्ट इम्पैक्ट प्लेयर ट्रॉफी प्रदान की गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में एमयूजे के कुलपति डॉ. नीति निपुण शर्मा, प्रोवोस्ट डॉ. नितु भटनागर, रजिस्ट्रार डॉ. अमित सोनी, सीडीओई के निदेशक डॉ. मल्लिकार्जुन गडप्पा तथा हेड ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज़ सुश्री कननजीत कौर शामिल थीं। इनके साथ एचडीएफसी बैंक की ओर से वाइस प्रेसिडेंट श्री जस्मीत सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे।

दिन की शुरुआत में मणिपाल कप-2026 का औपचारिक उद्घाटन चारों संस्थानों के गणमान्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

विद्युत निगमों की टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता संपन्न

युगल मुकाबलो में प्रसारण, उत्पादन और डिस्कॉम के खिलाड़ी संयुक्त रूप से विजेता रहे

जयपुर, 11 जनवरी । दिनांक 8 जनवरी 2026 से जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के खिलाड़ियों के मध्य चल रही टेनिस, टेबल टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिता रविवार को जयपुर क्लब में संपन्न हुई। उपरोक्त खेल प्रतियोगिताओं में विद्युत निगमों के महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के टेबल टेनिस के मुकाबले में पुरुष युगल में उत्पादन निगम के क्षितिज सिंह राठौड़ और जयपुर डिस्कॉम के तनुराज वर्मा की जोड़ी विजेता तथा उत्पादन निगम के पवन शर्मा और प्रसारण निगम के दीपक शर्मा की जोड़ी उप विजेता रही।

टेनिस के दिलचस्प मुकाबलो में पुरुष सिंगल्स में जोधपुर डिस्कॉम के अरुण कुमार विजेता रहे तथा जयपुर डिस्कॉम के सुमित कुमार चौधरी उपविजेता रहे लॉन टेनिस की पुरुष डबल्स प्रतियोगिता में उत्पादन निगम के पवन शर्मा और जोधपुर डिस्कॉम के अरुण कुमार की जोड़ी विजेता तथा उत्पादन निगम के मनीष शर्मा और जयपुर डिस्कॉम के सुमित कुमार चौधरी की जोड़ी उप विजेता रही।

बैडमिंटन के रोमांचक मुकाबलो में पुरुष सिंगल्स में प्रसारण निगम के महेश परेवा विजेता रहे तथा प्रसारण निगम के ही महेंद्र कुमावत विजेता रहे।

पुरुष युगल में प्रसारण निगम के महेंद्र कुमावत एवं महेश परेवा की जोड़ी विजेता तथा उत्पादन निगम के अमित गर्ग एवं सतीश विधूड़ी की जोड़ी उप विजेता रही।

बैडमिंटन में महिला सिंगल्स की विजेता ऊर्जा विकास निगम की श्वेता केन तथा उपविजेता प्रसारण निगम की मोनिका जैन रही। महिला युगल की विजेता ऊर्जा विकास निगम की श्वेता केन और उत्पादन निगम की अंजलि चौधरी की जोड़ी तथा उपविजेता उत्पादन निगम की ज्योति वर्मा और प्रसारण निगम की कल्पना गजराज के जोड़ी रही।

प्रतियोगिता के समापन पर प्रसारण निगम के मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्युत निगम के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने जोश के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने बताया कि वार्षिक खेलकूद की प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को विद्युत भवन में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।